62637 (Pages : 3) Name.....................................

Reg. No.....................................

SECOND SEMESTER B.Com. DEGREE EXAMINATION, MAY 2014

(UG—CCSS)

Common Course—Hindi

A09 (2)—LITERATURE IN HINDI

(2013 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 30 Weightage

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 12 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनवार्य हैं।) :

(क) कोष्ठकों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'सभ्यता का रहस्य' का रचनाकार कौन है ?

(प्रेमचंद, मोहन राकेश, दिनकर, निराला)

2 'ताज' कविता का कवि कौन है ?

(महादेवी, पंत, धूमिल, प्रसाद)

3 निम्नलिखित में से कात्यायनी की कविता कौन-सी है ?

(नये इलाके में, शोक गीत, औरतें, फसल)

4 'संसद से सडक तक' काव्य-संग्रह का रचयिता कौन है ?

(धूमिल, मुक्तिबोध, निराला, मैथिलीशरण गुप्त)

(ख) सुमेलित कीजिए :

5 संस्कृति के चार अध्याय	(i) हरिशंकर परसाई
6 त्रिशंकू बेचारा	(ii) विष्णु प्रभाकर
7 मेरी बद्रीनाथ यात्रा	(iii) मोहन राकेश
8 विज्ञापन युग	(iv) दिनकर

(ग) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

9 दिनकर का पूरा नाम लिखिए ।

10 कबीर की वाणियों का संग्रह कौन-सा है ?

Turn over

11 'साकेत' किस कवि का रचा महाकाव्य है ?

12 'मैं मरने से नहीं' डरता का रचनाकार कौन है ?

(12 × ¼ = 3 weighta

II. लघु उत्तर लिखिए (प्रश्न संख्या 13 से 21 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।) :

13 कबीर की राय में हमारे जीवन में विरह का क्या महत्व है ?

14 "चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए
विपत्ति विघ्न जो पड़े उन्हें ढकेलते हुए"

—इन पंक्तियों के द्वारा कवि क्या उपदेश देता है ?

15 गाँधीजी को कसरत के प्रति अरूचि होने के क्या-क्या कारण थे ?

16 राय साहब क्यों दमड़ी को दो रूपए का जुरमाना लगा देते हैं ?

17 महादेवी वर्मा ने सोनजुही की लता के नीचे क्यों गिल्लू की समाधि लगा दी ?

18 अपने विकास के अवसर के संबंध में दिनकर क्या राय प्रकट करते हैं ?

19 अब अजंता और एलोरा की मूर्तियों को देखकर लेखक के मन में क्या विचार उत्पन्न होता है ?

20 'मैं मरने से नहीं डरता' का कवि किस प्रकार जिन्दा रहने से नफ़रत करता है ?

21 "यहाँ रोज कुछ बन रहा है
रोज कुछ घट रहा है
यहाँ स्मृति का भरोसा नहीं
एक ही दिन में पुरानी पड जाती है दुनिया"

—इन पंक्तियों का कवि कौन है ? कवि यहाँ क्या कहना चाहता है ?

(9 × 1 = 9 weightag

III. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

22 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

मैंने देखा कि खत लेख का खराब होना अधूरी शिक्षा की निशानी है । मैंने पीछे से अपना खत सुधारने की कोशि की, परंतु पक्के घड़े पर मिट्टी कैसे चढ़ सकती है ?

23 मनुश्यता कविता में कवि मनुष्यता के संबंध में क्या-क्या विचार प्रकट कर रह है ?

24 दिनकर की राय में सच्चे नागरिक में क्या-क्या गुण होने चाहिए ?

25 'ताज' कविता में अभिव्यक्त प्रगतिशील विचारों का उल्लेख कीजिए ।

26 'वह तोडती पत्थर' कविता का भाव समझाइए ।

27 आज के युग को विज्ञापन युग कहना कहाँ तक सार्थक है ?

28 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

चकई बिछुरी रैंनि की, आई मिलै परभाति ।

जे नर बिछुरे राम सौं, ते दिन मिले न राति ।।

(5 × 2 = 10 weightage)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 औरतें कविता में कवि ने औरतों की विडंबनापूर्ण स्थिति को व्यंग्यात्मक रूप से व्यक्त किया है—इन कथन की पुष्टि कीजिए ।

30 पठित निबंध के आधार पर गाँधीजी के विद्यार्थी जीवन पर प्रकाश डालिए ।

31 वह तोडती पत्थर कवता में अभिव्यक्त विचारों का उल्लेख कीजिए ।

(2 × 4 = 8 weightage)